Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 28TH January, 2024

<u>Notification for MPPSC Examination for registration of MPPSC 2024</u>

एमपी पीएससी की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 के लिए रजिस्ट्रेशन कल से, 20 फरवरी तक मिलेगा मौका

भास्कर संवाददाता | इंदौर

एमपी पीएससी की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2024 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 19 जनवरी से शुरू हो जाएंगे। यह प्रक्रिया 20 फरवरी तक चलेगी। आयु गणना 1 जनवरी 2024 से की जा रही है। त्रुटि सुधार 22 जनवरी से 20 फरवरी तक किया जा सकेगा। परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र 20 अप्रैल को जारी होंगे। 28 अप्रैल को यह परीक्षा होगी। इस बार परीक्षा में अभी तक महज 60 पद हैं, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि 31 मार्च के पहले तक नए पद जुड़ेंगे। अभी तक पीएससी की परीक्षाएं 52 जिलों में होती थीं, लेकिन अब तीन नए जिलों में भी होगी। सभी 55 जिलों में प्रारंभिक परीक्षा होगी। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, रतलाम व सतना जैसे पुराने जिलों के साथ ही मैहर, पांढुर्ना, मऊगंज में भी सेंटर बनाए जाएंगे।

ऐसे होगी परीक्षा : प्रथम प्रश्न-पत्र सामान्य अध्ययन सुबह 10 से 12 बजे तक व दूसरा प्रश्न-पत्र सामान्य अभिरुचि परीक्षण दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक होगा। साथ ही वन सेवा परीक्षा-2024 भी होगी। अभी तक जो पद दिए गए हैं, उनमें 15 डिप्टी कलेक्टर के, 22 पद डीएसपी, 7 पद अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त और 10 पद वाणिज्यिक कर निरीक्षक के हैं। साथ ही 4 पद मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी ख और 1 पद मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी ख तथा 1 पद आबकारी उप निरीक्षक का है।

जिस वर्ष के पद, उसी वर्ष में नियुक्तियां भी संभव

खास बात यह है कि अरसे बाद शासन पीएससी की इन नियुक्तियों में बड़ा सकारात्मक प्रयास करने जा रही है। इसके तहत 2024 की नियुक्तियां उसी वर्ष में करने की तैयारी है। दरअसल, 22 से 27 जुलाई तक मुख्य परीक्षा होना है। इसके परिणाम 31 अगस्त तक आएंगे, जबकि 10 से 15 अक्टूबर के बीच इंटरव्यू आयोजित किए जा सकते हैं। यह प्रक्रिया करीब 45 दिन चलती है। ऐसे में 31 दिसंबर के पहले फाइनल चयन सूची जारी की जा सकती है।

लेकिन अड़चन यहां...ओबीसी आरक्षण विवाद कोर्ट में

ओबीसी आरक्षण विवाद कोर्ट में होने के कारण अड़चन भी आ सकती है, क्योंकि उसी वजह से पीएससी की अब तक कई परीक्षाओं के फाइनल रिजल्ट जारी होने के बाद भी नियुक्तियां शासन की तरफ से नहीं दी जा सकी हैं। राज्य सेवा परीक्षा 2019 व 2020 दोनों की फाइनल लिस्ट आ चुकी है। अभ्यर्थियों को नियुक्तियों का इंतजार है, लेकिन अब तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

ANIL MISHRA
<u>(Training & Placement Officer)</u>